दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार जोरों से चल रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल बेगूसराय में जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का कल अंतिम दिन।

03. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने कहा – वोट का बहिष्कार करने वाले क्षेत्रों में दोबारा मतदान नहीं कराया जायेगा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने कहा–अगले चार दिनों तक राहत के आसार नहीं।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल बेगूसराय में भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, श्री शाह ने गुजरात में एक जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। उन्होंने अनुच्छेद–तीन सौ सत्तर निरस्त करने जैसे ऐतिहासिक फैसले, राममंदिर का निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद के खतरे से सफलतापूर्वक निपटने और देश में शांति का प्रसार करने के लिए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। श्री शाह ने नीतियों के ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने देश के वर्तमान तीर्थस्थलों के पुनरूद्धार के लिए श्री मोदी की सराहना की।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान तीसरे और चौथे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल से मधेपुरा समेत कोसी, सीमांचल और अंग क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी है। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें छप्पन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि अट्ठाईस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र को रद्द कर दिया गया है। दरभंगा में अब आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वहीं, उजियारपुर में तेरह, बेगूसराय में दस, मुंगेर में तेरह और समस्तीपुर में बारह उम्मीदवार शेष बच गए हैं। रद्द किये गये नामांकन पत्रों में दरभंगा के बारह, उजियारपुर के दस, बेगूसराय के चार और समस्तीपुर के दो उम्मीदवार हैं। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने कहा है कि वोट का बहिष्कार करने वाले क्षेत्रों में दोबारा मतदान नहीं कराया जायेगा। राज्य के पुलिस नोडल पदाधिकारियों के उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन दो हजार चौबीस के शेष चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में ग्यारह मतदान केन्द्रों पर लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वोट का बहिष्कार किया है। श्रीनिवास ने कहा कि दोनों चरणों में अब तक सत्रह मतदान केन्द्रों पर वोट नहीं डाले गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारियों को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। श्रीनिवास ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर लाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार व्यवस्था करने को कहा है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में एनडीए सरकार ने देश की प्रमुख समस्याओं का स्थायी समाधान करने की कोशिश की है। श्री मोदी ने महाराष्ट्र में एक जनसभा में कहा कि देश की महिलाएं और युवा हमेशा से उनकी सरकार की प्राथमिकता रहे हैं।

———बाईट———

एनडीए ने युवाओं और महिलाओं को केन्द्र में रखकर काम किया। एनडीए ने आत्मनिर्भर अभियान चलाया, ताकि देश का उद्योग बढे। एनडी ने स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया, ताकि युवाओं को ज्यादा अवसर मिले। आज स्टार्टअप के मामले में भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा देश है। अगले पांच साल में हमारी सरकार इंफ्रा सेक्टर पर रिकॉर्ड निवेश करेगी। साथियों विकास में महिलाओं की भागीदारी विकसित हो, इसलिए महिलाओं के लिए अवसर, उनकी सुरक्षा ये मोदी की गारंटी है।

श्री मोदी ने कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है तो मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण राशि को दोगुना करके बीस लाख रूपये कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन ने राष्ट्र विरोधी और घृणित राजनीति के दो सेल्फ गोल किए हैं।

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा अब मुद्दे पर बात नहीं करती है।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद रामकृपाल यादव ने कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र पर कई आरोप लगाएं। पटना में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों की कमाई को छीनकर एक खास वर्ग में बांटना चाहती है।

———बाईट———

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात उजियारपुर लोकसभा सीट की। उजियारपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

गंगा नदी से घिरा उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र वर्ष दो हजार आठ में अस्तित्व में आया था। इस लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से तीन विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर और तीन वैशाली जिले में हैं। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं, क्योंकि यहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। श्री राय को पिछले दो चुनावों में इस सीट से जीत मिलती रही है। इस बार उनके सामने चुनावी मैदान में इंडी गठबंधन से राजद ने आलोक मेहता को उतारा है। श्री मेहता उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र से एमएलए हैं। मुख्य मुकाबला निवर्तमान सांसद नित्यानंद राय और राजद के आलोक मेहता के बीच माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखें तो इस लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में से दो पर भाजपा, एक पर जदयू, दो पर राजद और एक सीट पर सीपीएम का कब्जा है। भाजपा प्रत्याशी जहां विकास और मोदी की गारंटी के नाम पर मतदाताओं से वोटिंग की अपील कर रहे हैं। वहीं, राजद उम्मीदवार एनडीए सरकार की विफलताओं और महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय हैट्रिक बनाने में सफल होते हैं या नहीं। आकाशवाणी समाचार के लिए उजियारपुर से मैं कृष्ण कुमार।

———————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई और खगड़िया जिले में लू जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत के आसार नहीं है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दूसरे दिन शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, चिकित्सकों ने लोगों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए दोपहर बारह से तीन बजे के बीच घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। साथ ही घर से बाहर निकलने पर छाता का उपयोग करने या सर पर कपड़ा रखने को कहा है। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है।

———————————————————————

भारतीय खाद्य निगम की ओर से मौजूदा रबी विपणन मौसम में अब तक राज्य भर में एक हजार से अधिक किसानों से उनतालीस हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। निगम ने राज्य के सभी जिलों में गेहूं अधिप्राप्ति केंद्र स्थापित किये हैं जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य बाईस सौ पचहत्तर रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं की खरीद हो रही है। एफसीआई से प्राप्त जानकारी ने अनुसार किसानों से गेहूं खरीदने के बाद अड़तालीस घंटे के भीतर उसका भुगतान सीधे किसानों को उनके बैंक खाते में कर दिया जा रहा है। निगम के अधिप्राप्ति के अलावा किसान राज्य में पांच हजार से अधिक कार्यरत केंद्रों पर गेहूं की बिक्री कर सकते हैं। भारतीय खाद्य निगम ने बिहार में ऐसे एक सौ पचास क्रय केंद्र स्थापित किये हैं। इनका संचालन  पैक्स, व्यापार मंडल, नैफेड और एन.सी.सी.एफ द्वारा किया जा रहा है। किसान किसी भी सहायता के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नम्बर– **एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य शून्य एक एक शून्य** और **एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह एक नौ चार** पर संपर्क कर सकते हैं।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को निन्यानवे हजार मीट्रिक टन से अधिक प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। सरकार ने पश्चिम एशिया और कुछ यूरोपीय देशों के लिए विशेष रूप से उगाए गए दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अगलगी और सड़क दुर्घटनाओं में पैंतीस लोगों की मौत हो गयी है। रोहतास जिले में चार और बेगूसराय में दो लोगों की मौत आग की चपेट में आने से हो गयी। वहीं, पटना में चार, छपरा, सीवान और बेगूसराय में तीन–तीन, बक्सर, गोपालगंज, मधुबनी और औरंगाबाद में दो–दो तथा रोहतास,

हाजीपुर, अररिया, दरभंगा और पश्चिम चम्पारण जिले में एक–एक लोगों की मौत सड़क हादसों में हो गयी।

———————————————————————

महाराष्ट्र के पुणे में खेली जा रही राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अन्डर सेवेंटिन प्रतियोगिता में राज्य के बालक और बालिका वर्ग की टीम क्वार्टर फाईनल में पहुंच गयी है। बालिका वर्ग में बिहार ने तमिलनाडु और गुजरात को तथा बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ को पराजित कर जगह बनायी है।

———————————————————————

रेल यात्रा के दौरान बच्चों की आधे टिकट पर उसे बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। रेलवे के अनुसार रेल यात्रियों को वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ केवल ई–टिकट बुक कराने वालों को ही मिलेगा। निजी रेल बुकिंग काउंटर से खरीदे गये टिकट पर बीमा योजना लागू नहीं होगी। इसके साथ ही प्रतिक्षा सूची के यात्री बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने जदयू के चुनावी बैठक पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– प्रदेश में हर क्षेत्र वर्ग तक पहुंचा विकास।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– अमेठी से ही उतरेंगे राहुल और रायबरेली से प्रियंका।

दैनिक भास्कर की प्रमुख सुर्खी है– गया का गिरोह एटीएम क्लोनिंग में माहिर, नालंदा वाले लोन के नाम पर कर रहे ठगी।

प्रभात खबर लिखता है– जीवित रिश्तेदारों को मृत बताकर सात महिलाओं के नाम पर लिया उनहत्तर लाख पच्चीस हजार रूपये का बीमा क्लेम। एफआईआर, चार्जशीट से लेकर, सुलहनामा तक के दस्तावेज सब जाली।

आज अखबार की बड़ी खबर है– रूस से भारत जा रहा जहाज मिसाईल के हमले से क्षतिग्रस्त।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार जोरों से चल रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल बेगूसराय में जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नाम वापसी का कल अंतिम दिन।

03. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने कहा – वोट का बहिष्कार करने वाले क्षेत्रों में दोबारा मतदान नहीं कराया जायेगा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में। मौसम विभाग ने कहा–अगले चार दिनों तक राहत के आसार नहीं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।